भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2338

सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र के पर्यटन क्षेत्र के लिए धन का आवंटन**

2338. **श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र के लिए महाराष्ट्र को कितनी धनराशि आवंटित की गई और इस धनराशि का उपयोग किन स्थानों पर तथा किस प्रकार के कार्यों के लिए किया गया;

(ख) इन पर्यटन परियोजनाओं के लिए धनराशि जारी करने में हुए विलम्ब के कारण, यदि कोई हों, क्या हैं;

(ग) महाराष्ट्र के उन जिलों के नाम क्या हैं जहाँ केंद्र की योजनाओं के अंतर्गत धनराशि प्रदान की गई; और

(घ) महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करने के संबंध में निर्धारित लक्ष्य और अब तक प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को निधियों की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति के अध्यधीन

वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

मंत्रालय उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में जिलावार धनराशि जारी नहीं करता है या उसके आंकड़े का रखरखाव नहीं करता है। तथापि, पिछले पांच वर्षों में उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत एवं जारी राशि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत, पर्यटक सुविधाओं और पर्यटन अनुभवों को बेहतर बनाने से संबंधित घटकों को मंजूरी दी जाती है।

योजनाओं के अंतर्गत धनराशि समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के अनुसार किस्तों में जारी की जाती है तथा पहले जारी की गई धनराशि के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों से उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जाते हैं।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) देश में संरक्षित स्मारकों और स्थलों के संरक्षण और रखरखाव संबंधी कार्य करवाता है, जिसमें पेयजल, शौचालय, पाथवे और भूदृश्यांकन आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करना शामिल है। स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण एवं रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और इसे स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। हालांकि, धनराशि का आवंटन स्मारकों की आवश्यकता के अनुसार किया जाता है।

*****

**अनुबंध**

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे द्वारा महाराष्ट्र के पर्यटन क्षेत्र के लिए धन के आवंटन के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2338 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत | राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3 | 76.22 | 7.62 |

**महाराष्ट्र राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | 25.00 | 2.50 |

**महाराष्ट्र राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | उपयोग के लिए जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 30.96 |
| 2. | 2024-25 | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 | 65.43 |

**महाराष्ट्र राज्य में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण है:**

**(राशि लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत लागत** | **जारी/ प्राधिकृत राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 20-12-2021 | 3750 | 3000 | 3000 |

*****